हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

13 आज रथ में सवार होकर निकलेंगे जगत के पालनहार


14 आपातकाल देश के इतिहास में एक काला अध्याय : इंद्रकुमार


[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर ]


सीटी स्केन की सुविधा अब आपके नगर के
सीटी स्केन सेंटर
लक्ष्मी नारायणा हॉस्पिटल, छुरा
24 घंटे उपलब्ध
पवन पेट्रोल पंप के पास, नगर पंचायत छुरा, जिला गरियाबंद संपर्क करें : 9754134785, 8085101083

प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA DCA
B.P.Ed. B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

आवश्यकता है
आयुष्मान हॉस्पिटल साईं मंदिर कुर्रा (नवापारा राजिम) में

| पद | पोस्ट |
|---|---|
| पर्सनल असिस्टेंट | 01 |
| नर्सिंग इंचार्ज (03 वर्ष अनुभवी) | 05 |
| नर्सिंग स्टॉफ (Anm,Gnm,Bsc Nursing,Mpw) | 15 |
| वार्ड बॉय/वार्ड गर्ल | 10 |
| रिसेप्शनिस्ट | 05 |
| PRO स्टॉफ | 05 |

नोट:- अनुभवी अभ्यार्थी को पहले प्राथमिकता दी जाएगी।
आयुष्मान हॉस्पिटल साईं मंदिर कुर्रा
जिसमें इच्छुक अभ्यार्थी अपने सभी दस्तावेजों के साथ अपनी उपस्थिति देवें।
9109154282, 9228134031

समस्या : प्राथमिक शाला बरदुला और उखरूपारा में शौचालय में नहीं है पानी की सुविधा

# स्कूल भवन जर्जर, बारिश में टपक रहा पानी, ट्रांसफार्मर से दुर्घटना का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के साथ ही क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते जर्जर स्कूलों में पढ़ाई करने वालो छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है। इन समस्याओं से स्थानीय शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 05 किमी दूर नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग मार्ग में बसा ग्राम बरदुला प्राथमिक शाला भवन बेहद जर्जर हो गया है इसमें सिर्फ दो कमरे है एक कमरा बेहद जर्जर हो गया है और लगातार बारिश से पानी टपक रहा है जिसके कारण एक कमरे में पांच कक्षाएं संचालित हो रहा है। इस स्कूल में दर्ज संख्या 44 छात्र-छात्राओ की है कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी एवं पांचवी पांच कक्षा एक साथ संचालित करना भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है क्योकि दूसरे कमरे के छत जर्जर होने के कारण लगातार पानी इन दिनों टपक रहा है जिसके कारण फर्स गिला हो गया है यहां पढ़ाई करना किसी खतरे से कम नहीं है। इसी तरह ग्राम उखरूपारा ▶▶| शेष पेज 12 पर



### बरदुला में बालिका शौचालय नहीं

ग्राम बरदुला एवं उखरूपारा प्राथमिक शाला में शौचालय का निर्माण किया गया है लेकिन दोनों स्थानों के शौचालय में पानी की सुविधा नहीं होने के कारण इसका उपयोग चाह कर भी नहीं कर पा रहे हैं और तो और प्राथमिक शाला बरदुला में बालिका शौचालय नहीं होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### सांसद- विधायक को कराएंगे अवगत

क्षेत्र के जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव ने बताया की जर्जर स्कूल की मरम्मत की मांग कई बार शिक्षा विभाग से किया जा चुका है। बारिश के इन दिनों में बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया की इस समस्या से जल्द ही सांसद-विधायक को अवगत कराएंगे।



### अहाता निर्माण की मांग पर नहीं दे रहे ध्यान

ग्राम बरदुला प्राथमिक शाला में आहता निर्माण नहीं हुआ है और स्कूल के नजदीक ही बिजली के ट्रांसफार्मर लगे हुए है बारिश के इन दिनों में स्कूली बच्चे आसपास खेलते रहते है करंट फैलने से दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है कई बार ग्रामीणों ने स्कूल के चारो ओर आहता निर्माण की मांग कर चुके है लेकिन इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## ये है शराब दुकान मार्ग ...



मैनपुर। मैनपुर शराब दुकान जाने वाले मार्ग में कीचड़ दलदल के कारण इन दिनों मदिरा प्रेमी बेहद परेशान हो गये हैं। इस मार्ग में पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बाइक सवार दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। वाहनों के चक्के फिसल रहे हैं सड़क मरम्मत की मांग किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम बघेल आज अमलीपदर पहुंचेंगे, रथयात्रा में होंगे शामिल

मैनपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 27 जून को मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर में आयोजित भगवान



जगन्नाथ रथयात्र धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच रहे है जिससे क्षेत्र के लोगो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गरियाबंद, बिन्द्रानवागढ़, मैनपुर, इंदागांव एवं जगह -जगह स्वागत की तैयारी किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 27 जून को आगमन को लेकर प्रोटोकाल जारी किया गया है जिसके अनुसार 10:30 बजे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भिलाई निवास से प्रस्थान करेंगे 2:30 बजे जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर आगमन, 2:30 से 3:30 बजे तक भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्र महोत्सव 2025 में शामिल होंगे।

### बलरामपुर में प्रकृति पूजन 30 को




छुईहा बेलर। ग्राम बलरामपुर (बिड़ोरा) में 30 जून को प्रकृति पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत सरकड़ा और ग्रामोदय सेवा संस्थान, बलरामपुर (बिड़ोरा) के तत्वावधान में रखा गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ व ग्रामोदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू और सरपंच सरकड़ा-बिड़ोरा अमिता मनोज यदू ने बताया कि इस आयोजन में वरुण देव यज्ञ, फलदार पौधा रोपण और पर्यावरण मित्रों का सम्मान समारोह भी शामिल है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि संत श्री गोवर्धन शरण जी व्यास (सिरकटटी आश्रम कुटेना) होंगे, जबकि मुख्य वक्ता नारायण नामदेव प्रांत सह प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ होंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ▶▶| शेष पेज 12 पर

# सुबह हुई झमाझम बारिश दोपहर के बाद मौसम साफ




बारिश में यात्रियों एवं स्कूली विद्यार्थियों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

गुरूवार को सुबह से बारिश हुई परंतु 10-11 बजे के बाद मौसम साफ हो गया। लग ऐसा रहा था कि पूरा दिन बारिश होगी। काले-काले बादल उमड़-घुमड़ रहा था। परंतु देखते ही देखते कहां गायब हो गया पता ही नही चला। वैसे इस बारिश को अब प्री मानसून की बारिश माना जा रहा है। काफी लंबा इंतजार के बाद झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। किसानों को बेसब्री से इंतजार था। काफी लंबे समय से बारिश न होने से खेती किसानी के काम पिछड़ने का भय बना हुआ था। किंतु सुबह से झमाझम बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है। मालूम हो कि किसानों ने जून के पहले सप्ताह में ही खेतों की जोताई कर बीज डाल दिए थे। किंतु बारिश न होने से बीज के सड़ने का भय बना हुआ था। सूखे खेतों में बीज के अंकुरण के लिए पानी नहीं होने से किसानों को चिंता सता रही थी कि कही दोबारा बोवाई न करना पड़ जाएं। चूंकि अब बारिश ने दस्तक दे दी है लिहाजा किसान आगे खेती किसानी के कामों में व्यस्त हो जाएंगे। गुरूवार को हुई बारिश से यात्री एवं स्कूली विद्यार्थियो को किंचित परेशानियों का सामना करना पड़ा। रायपुर ▶▶| शेष पेज 12 पर

### बेलर में रथयात्रा धूमधाम से मनाया जायेगा : साहू

छुईहा बेलर। ग्राम बेलर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रथयात्रा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस बार प्रभु जगन्नाथ नया रथ में सवार होंगें और शोभायात्रा को ग्राम भ्रमण कर दर्शन देंगें। पं. त्रिभुवन मिश्रा की मंत्रोच्चारण से नया रथ की पुजा पश्चात भगवान को विराजमान करायेगें। हमेशा की तरह भगवान को स्थानीय निवासी बेनी प्रसाद सिन्हा के निवास से निकले जायेगे। फिर दर्शन को ग्राम भ्रमण करायेंगे। गजामुंग चना मिश्री की विशेष प्रसादी बांटे जाएंगे। इसकी तैयारी में ग्राम पंचायत सरपंच सुमन लेखराम रात्रे, उपसरपंच हरिशंकर साहू, समस्त पंचगण, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष खोमन साहू, विष्णु साहू उत्यादि व्यवस्था में लगे हुए है। रथयात्रा में मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष इन्द्राणीनेहरू साहू , विशेष अतिथि नंदनी ओंकार साहू सभापति जिला पंचायत, पं. त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा भगवताचार्य, मंजूलता हरित भाजपा मंडल अध्यक्ष, चन्द्रशेखर साहू पूर्व जि.पं. सदस,टायल राम साहू जनपद सदस्य,,खोमन साहू अधक्ष ग्रामीण, हरिशंकर साहू उपसरपंच ,मेहतरूराम सिन्हा , तुलाराम साहू, वेनी राम सिन्हा लेखराम रात्रे (सरपंच प्रतिनिधि), विष्णु साहू, पुरन साहू,तेजराम साहू, करणदास मानिकपुरी समस्त ग्रामवासी बेलर उपस्थित होगें।



# फिंगेश्वर में तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार, 12 किग्रा गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



मोटर सायकिल से गांजा का परिवहन करत हुए फिंगेश्वर पुलिस ने तीन आरोपी को दबोचा है। आरोपियों के पास से 12 किलो गांजा बरामद किया गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। सभी आरोपी महासमुंद के है। फिंगेश्वर पुलिस की एक के बाद एक कार्यवाही से आसामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गई है। गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध नशे के बिक्री एवं परिवहन में रोक लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए समस्त जिले के थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्रें में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किया गया था। जो आज दिनांक 26 जून को थाना प्रभारी फिंगेश्वर को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि तीन व्यक्ति दो अलग–अलग मोटर सायकल से अपने कब्जे मे भारी मात्र में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर छुरा रोड होकर फिंगेश्वर की ओर आ रहे है। सूचना तस्दीक के लिए थाना से हमराह स्टाफ के साथ रवाना हो कर मेन रोड पहुंचकर नाकाबंदी कर आने- जाने वालों संदिग्ध मोटर सायकल को चेकिंग किया जा रहा था। मुखबीर के बताए निशानदेही पर दो मोटर सायकल वालों को रोककर पूछताछ करने पर मोटर सायकल क्रमांक ओडी 03 जेड 8593 का चालक अपना नाम प्रकाश कुमार ध्रुव उर्फ पप्पू पिता लालाराम धुरव उम्र 23 साल व पीछे बैठे व्यक्ति अपना नाम राहुल बघेल पिता ब्रम्हाराम बघेल उम्र 22 साल बताया तथा दूसरे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एच सी 4636 का चालक से नाम पता पुछने पर अपना नाम सिद्धांत ध्रुव उर्फ ▶▶| शेष पेज 12 पर

दर्शन करने के लिए हजारों लोग पहुंचेंगे नवापारा

# आज जगन्नाथ मंदिर में भक्तों का हुजूम, सजेगा मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भगवान श्री जगन्नाथ का रथ 27 जून को शहर भ्रमण के लिए निकलेगा। दर्शन करने के लिए कई हजारो-हजार लोग नवापारा शहर पहुंचेंगे। मालूम हो कि तीन जिले रायपुर, धमतरी और गरियाबंद जिले के आसपास के करीब पचास से अधिक गांव के लोग प्रभु के दर्शन और प्रसाद पाने के लिए सदियों से चले आ रहे है। एक तरह से यहां मेला लगता है और जनसैलाब देखते ही बनता है। जनसैलाब के चलते शहर के मेन मार्केट सदर बाजार और मंडी रोड में पैर रखने को भी जगह नही रहता। जगह-जगह सड़क के दोनो तरफ लोग नारियल और आम लेकर प्रभु को अर्पित करने के लिए न केवल हाथ जोड़कर खड़े रहते है बल्कि रथ के पहिए को आगे बढ़ाने के लिए




बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए आतुर नजर आते है। बता दें कि इस शहर की पुरानी परंपरा के चलते तीन रथ एक साथ निकलता है। पहला नंबर का रथ श्री राधाकृष्ण मंदिर, दूसरा नंबर का रथ श्री सत्यनारायण मंदिर से और तीसरा नंबर का रथ श्री सांई मंदिर से निकलकर सदर बाजार होते हुए गंज मार्ग से होकर वापस हो जाता है। तीनो रथ एक साथ आगे-पीछे क्रम में चलता है। शाम ठीक 4 बजे जैसे ही श्री राधाकृष्ण मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर और श्री सांई मंदिर से इंदिरा मार्केट होते हुए सदर बाजार की ओर रथ निकलती है तो अपार जन समूह श्री जगन्नाथ स्वामी के दर्शन के लिए उमड़ पड़ते है। बेकाबू भीड़ रहती है। इस भीड़ को संभालने में पुलिस के जवानों के पसीने छुट जाते है। अपने घरो के सामने और चौक-चौराहो में महिलाओं और युवतियों की टोली भगवान की आरती करने के लिए थाल सजाकर खड़ी रहती है। भगवान के तीनो रथो को खींचने के लिए भक्तों के बीच होड़ मचती है। मां काली मंदिर और नगर पालिका तिराहा तक मेले के माफिक रेलमपेल भीड़ रहती है। यहां कोई घंटे भर का जाम भी लग जाता है। रथ के आगे-आगे एक से बढ़कर एक भजन मंडलियां प्रभु के गुणगान ▶▶| शेष पेज 12 पर

# तर्री घाट में अवैध रेत खनन 1 चेन माउंट और 4 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

एसडीएम रवि सिंग के नेतृत्व में पुलिस पार्टी एवं माइनिंग की संयुक्त टीम ने दो दिन पहले शहर से लगे तर्री महानदी घाट में आधी रात को छापा मारकर 4 हाइवा एवं 1 चैन माऊटेंन मशीन जप्त किया है। एसडीएम श्री सिंग ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि देर रात उन्हें सूचना मिली कि नवापारा से लगे हुए तर्री रेत घाट में चैन माऊंटेन मशीन से रेत उत्खनन कर हाइवा में लोडिंग कर परिवहन किया जा रहा है। उन्होने इस सूचना के तत्काल बाद माइनिंग विभाग और पुलिस को तुरंत कॉल किया और रात को ही मौके पर पहुंचकर चैन माऊंटेन मशीन को जब्ती बनाया। जानकारी के मुताबिक रेत के कारोबारी चोरी छिपे अवैध रेत उत्खनन और हाइवा से परिवहन में काफी दिनो से लगे हुए है। रात 9 बजे के बाद नवापारा-कुरूद मार्ग पर सैकड़ो की संख्या में हाइवा सड़क किनारे पेट्रोल पंप से लगे तर्री के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### टाइगर रिजर्व में वन्यप्राणियों की चहलकदमी बढ़ी



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के भीतर वन्यप्राणियो की संख्या में इजाफा देखने को मिली है। वन विभाग द्वारा लगातार अवैध अतिक्रमण और अवैध कटाई पर रोक लगाने प्रयास के चलते अब वन्यप्राणी जंगल में स्वतंत्र विचरण करते दिखाई दे रहे है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में जगह-जगह लगाए गए कैमरे में दुर्लभ वन्यप्राणियों की तस्वीर लगातार कैमरे में कैद हो रही है और जंगल के भीतर वन्यप्राणियों की यह खुबसुरत तस्वीर लोगों को देखने को मिल रहा है जंगल के भीतर का रहस्य सामने आ रहा है। जंगल के भीतर लगाए गए कैमरे में पिछले एक सप्ताह के भीतर दर्जनों वन्यप्राणियों की तस्वीर कैमरे में कैद हुआ है जिसमें खुल जंगल में उछल कूद करते हिरण के साथ ही भालू, तेंदुआ, लकड़बघ्घा, बारहसिंग्गा, नीलगाय की तस्वीर हमारे अखबार में प्रकाशित करने उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने उपलब्ध कराई है।

### लक्ष्य निर्धारण सफलता की कुंजी : निर्मलकर



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत द्वारतरा के आश्रित ग्राम बम्हनी के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यामिक शाला में गुरुवार को शाला प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नवप्रवेशी छात्र/छात्राओ कक्षा छठवीं एवं पहेली के छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम उपस्थित अतिथियों के द्वारा पाठ्यपुस्तक गणवेश वितरण कर मिष्ठान खिलाकर प्रवेश करवाया गया। साथ ही न्योता भोज का कार्यक्रम प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्रबंधन व विकास समिति, प्राथमिक माध्यमिक मध्यान भोजन समूह, ग्रामीण समिति और ग्राम बम्हनी के पंच उपसरपंच के द्वारा दिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य, अध्यक्षता पन्ना लाल ध्रुव अध्यक्ष सरपंच संघ छुरा, विशेष अतिथि उपसरपंच महेश्वरी साहू, मुख्य अतिथि निर्मिलकर ने कहा की यदि आप लक्ष्य निर्धारण करोगे तो निश्चित ही सफलता मिल जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पन्नालाल ध्रुव ने बच्चों को नियमित स्कूल आने व स्कूलों में चल रही सभी योजना के बारे में उन्होंने बताया इस कार्यक्रम में रमन नामदेव उपाध्यक्ष भाजपा मंडल खड़मा, सोमन यदू पूर्व मंडल उपाध्यक्ष पाण्डुका, कल्याणी ध्रुव, पुनाबाई ध्रुव मौजूद रहे। मां के नाम एक पेड़ के तहत सभी अतिथियों ने शाला परिसर में पौधा रोपण किया।

## परंपरा : देवभोग के अन्न का जगन्नाथपुरी में महाप्रभु को लगता है भोग, इसलिए पड़ा नाम देवभोग

# देवभोग जगन्नाथ मंदिर की अनोखी परंपरा 84 गांवों का लगान आज भी जाता है पुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

अलग खबर

करीब 124 साल पहले अंचल के 84 गांवों के लोगों ने शपथ ली थी कि हर हाल में एक साल का पूरा भोग 84 गांवों के लोगों के माध्यम से मंदिर को पहुंचेगा। आज भी लोग इस शपथ को पिछले 124 साल से पूरा करते आ रहे है। मंदिर का पूरा भोग इन्हीं 84 गांवों के लोगों से ही भगवान जगन्नााथ को चढ़ाया जाता है। इसी कारण देवभोग का नाम देवभोग पड़ा, इतना ही नहीं ये पूरे 84 गांवों के लोगों ने मंदिर बनने में भी अपना श्रमदान किया है। सन 1854 को जब मंदिर की आधारशिला तात्कालिक मालगुजार रामचंद्र बेहेरा द्वारा रखी गई और बलभद्र बेहरा द्वारा पूर्ण की गई पूरे 84 गावों के लोगों ने श्रमदान करने के साथ ही बेल का गुदा, चिवड़ा, मुर्रा और रेगटा (एक विशेष प्रकार के पत्थर) का चूर्ण पिसकर मंदिर का निर्माण शुरू किया, जो 46 वर्षों की अथक मेहनत के बाद जाकर पूर्ण हुआ। इसके बाद 1901 में पहली बार नेत्रेत्सव के साथ ही भगवान की रथयात्र देवभोग में निकाली गई। जो कि आज भी विधि–विधान के साथ लगातार जारी है।

राजा महाराजाओं और अंग्रजों द्वारा पुराने जमाने में लगान और वर्तमान की सरकारों द्वारा टैक्स वसूलने की बातें तो आपन खुब सुनी होंगी. लेकिन कभी भगवान द्वारा टैक्स वसूलने की बात सुनी है. जी हां भगवान भी लगान वसूलते है, और ये सब होता है गरियाबंद जिले के देवभोग में विराजमान भगवान जगन्नाथ मंदिर में. यहां विराजमान जगन्नाथ भगवान आज भी अपने भक्तों से लगान वसूलते है. 84 गांव के लोग भगवान को आज भी लगान देते है. लगान देने की ये परंपरा 124 साल से निरंतर चली आ रही है.



**देवभोग के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर की अनोखी परंपरा**

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के देवभोग में एक अनोखा मंदिर है, जहां भगवान जगन्नाथ स्वयं लगान वसूली कराते हैं, यह परंपरा 124 साल पुरानी है, जो आज भी उसी श्रद्धा और भक्ति के साथ निभाई जा रही है, इस मंदिर का सीधा संबंध पुरी के जगन्नाथ मंदिर से है और इसकी परंपराएं भी उतनी ही रोचक और ऐतिहासिक हैं, चौंकाने वाली बात ये है कि इस वसूले गए लगान का एक भाग रथ यात्र से पहले सीधे पुरी के मंदिर भेजा जाता है। यही कारण है कि इस स्थान को 'देवभोग' नाम मिला यानी भगवान का भोग।

### मंदिर की स्थापना और पौराणिक कथा

मंदिर की स्थापना की कहानी भी बेहद दिलचस्प है 18वीं शताब्दी में टेमरा गांव के रामचंद्र बेहेरा तीर्थ यात्र से लौटते वक्त पुरी से भगवान जगन्नाथ की मूर्ति साथ लाए उन्होंने मूर्ति को झराबहाल गांव के एक पेड़ के नीचे स्थापित कर पूजा शुरू की। जब यह बात तत्कालीन जमींदारों तक पहुंची, तो उन्होंने मूर्ति की शक्ति की परीक्षा एक सभा में की परिणाम चौंकाने वाले थे, जिसके बाद उन्होंने मंदिर निर्माण का निर्णय लिया 1854 में मंदिर निर्माण शुरू हुआ और 1901 में जाकर पूर्ण हुआ।मंदिर निर्माण के साथ ही गांव वालों ने अनाज देने की शपथ ली थी इस शपथ को अमर बनाने के लिए मूर्ति की पूजा के पुराने स्थान पर 'शपथ शिला' गाड़ दी गई, जो आज भी पीढ़ी दर पीढ़ी मंदिर को लगान देने की परंपरा की याद दिलाती है। तो अगली बार जब आप देवभोग आएं, तो केवल दर्शन ही नहीं करें, बल्कि जानें इस मंदिर के उस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहलू को, जहां भगवान सिर्फ पूजे नहीं जाते, बल्कि गांव की अर्थव्यवस्था और परंपरा के केंद्र में भी हैं।

लगान के रुप में चावल और मुंग लिया जाता है. यहां से वसूला गया लगान ओडिसा के पुरी के विश्व प्रसिद् भगवान जगन्नाथ मंदिर जाता है और फिर उसी सुगंधित चावल और मुंग का भोग पुरी के जगन्नाथ मंदिर में लगाया जाता है, बता दें कि भक्त खुद ही अपने स्वेच्छा से यहां लगान भरने आते है. इन पर कोई दबाव नहीं डाला जाता है. जानकारी के मुताबिक देवभोग को पहले कुसुमभोग के नाम से जाना जाता था।

**मंदिर में देशी सामग्रियों के इस्तेमाल से किया गया–** इस देवभोग की खासियत भी कुछ अलग है. अक्सर घर या मंदिरों के निर्माण में रेत, ईट, पत्थर से तैयार किया जाता है, लेकिन इस मंदिर को बेल, चिवडा, बबूल और अन्य देशी समानों का इस्तेमाल कर बनाया गया है. इसी वजह से मंदिर को बनाने में 46 साल का समय लगा. इतना ही नहीं यह लगान देने की परंपरा 124 साल से चली आ रही है. आज भी देश में कई ऐसे मंदिर है जिनमें लोगों का विश्वास और श्रद्धा बना हुआ है।

**चार पीढ़ियों से कर रहे सेवा–** देवभोग मंदिर में सेवा की जिम्मेदारी झराबहाल गांव के यादव परिवार को सौंपी गई थी यह परिवार पिछले चार पीढ़ियों से मंदिर में सेवक (चाकर) के रूप में भगवान की सेवा में जुटा है पुजारी के साथ मिलकर ये सेवक पूरे क्षेत्र में घूम–घूमकर लगान वसूलते हैं।

## आज बहेगी धर्म की धारा, निकलेगी श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

प्रदेश का शांत, श्रद्धा और संस्कृति से सराबोर नगर गरियाबंद एक बार फिर धर्म की पताका थामने को तैयार है। 27 जून को यहां निकलेगी श्रीजगन्नाथ प्रभु की ऐतिहासिक रथयात्रा एक ऐसा आयोजन, जो सिर्फ धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक चेतना का भव्य प्रतीक है। श्रीजगन्नाथ परिवार युवा बल गरियाबंद द्वारा बीते तीन महीनों से इस आयोजन की हर परत को निखारा गया है। आमंदी ग्राम में परंपरागत काष्ठ और बांस से निर्मित दिव्य रथ तैयार किया गया है, जिसकी कारीगरी, अलंकरण और शिल्प भक्ति के सौंदर्य को जीवन्त करता है। यह रथ न केवल भगवान का वाहन है, बल्कि जनभावनाओं का प्रत्यक्ष प्रतीक है। 26 जून को भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को नवयौवन वेश में सजाया जाएगा देव स्नान पूर्णिमा के उपरांत यह विशेष श्रृंगार उन्हें स्वास्थ्यलाभ का प्रतीक मानकर किया जाता है। अगले दिन जब वे नगर भ्रमण के लिए रथ पर आरूढ़ होंगे, तो पूरा गरियाबंद /"जय जगन्नाथ/" के घोष से गूंज उठेगा।

**नगर में उमड़ेगी आस्था की बयार झांकियाँ, नृत्य और उजास–** रथ यात्रा दोपहर 4 बजे श्रीजगन्नाथ मंदिर, सिविल लाइन से प्रारंभ होकर भूतेश्वरनाथ चौक, तिरंगा चौक, बस स्टैंड, सुभाष चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। धार्मिक झांकियाँ श्रीरामचरितमानस, श्रीकृष्ण लीला, माता रानी के स्वरूपों की जीवंत झलकियाँ, डीजे और भक्ति संगीत आधुनिक तकनीक के साथ आध्यात्म का संगम, लोकनृत्य व सांस्कृतिक दल छत्तीसगढ़ी संस्कृति की सजीव प्रस्तुति, विशेष लाइटिंग, पुष्प सज्जा व भक्ति रथ एक चलता-फिरता धर्म उत्सव, प्रशासन चौकस, नगरवासियों की सुविधा सर्वोपरि जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने यात्रा की सुचारुता के लिए विशेष व्यवस्था की है। इस ऐतिहासिक आयोजन में जिले के विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के पदाधिकारी और हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन समिति ने नगरवासियों से श्रद्धा से सहभागी बनने और पुण्यलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## भगवान जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर में हुआ नंदीघोष रथ का पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर स्थित जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ जी का नेत्रेत्सव पुजन वेद मंत्रें पंच ध्वनि के साथ पूजन अर्चना किया। प्रभु के पुजन से पूर्व मंदिर में विराजित मुलतम भगवती मंगला का आगमन हुआ उसके बाद मंदिर के रक्षक हनुमान जी का पुजन अर्चना के बाद नीति रीति के अनुसार मंदिर में विराजमान देवी देवताओं का पुजन अर्चना किया गया। फिर मंदिर के आचार्य पंडित युवराज पांडेय द्वारा भगवान के नीलचक्र में पतित पावन बान ध्वजा परिवर्तन किया गया। सभी भक्त एक साथ बोल कालिया के जयघोष के साथ भगवान की स्तुति करने लगे और वैदिक रीति से नंदी घोष रथ पूजन किया गया। फिर महाप्रभु का भव्य आरती किया गया। उसके बाद महाप्रसाद वितरण किया गया। कल शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी बलभद्र सुभद्रा के साथ नंदीघोष रथ पर आरूढ़ हो कर मौसी श्री गुंडीचा रानी के यहां प्रस्थान करेंगे। इस रथयात्र कार्यक्रम में शामिल होने हजारो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। रथयात्र पर्व को लेकर यहां भव्य तैयारी किया जा रहा है पूरे नगर व क्षेत्र को सजाया गया है शुक्रवार रथयात्र महोत्सव के दिन प्रातः 4 बजे से मंगल आरती एवं भगवान जगन्नाथ जी के रीति नीति एवं पूजर आरंभ, प्रातः 7 बजे बालभोग एवं महाप्रभु के दर्शन आरंभ, 9 बजे महाप्रभु राजाधीराज राजराजे"वर मंडिमा भेश, 11 बजे महाप्रभु में 56 भोग लगेगी, 12 बजे महाप्रभु मंदिर के गर्भगृह से बाहर निकलकर मंदिर प्रांगण में विराजमान होकर सभी भक्तो को दर्शन देंगे,



दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक मंदिर के सामने विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम, शाम 5 बजे से पवित्र रथजात्र महोत्सव एवं महाप्रभु रथारूड़ होंगे, शाम 6 से 7 बजे के बीच महाप्रभु गड़िचा मंदिर पहुंचेंगे, 7 बजे गुड़िचा मंदिर में महाप्रभु की महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण किया जायेगा। अमलीपदर में रथयात्र पर्व को लेकर जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है।

वही दूसरी ओर मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के तहसील मुख्यालय मैनपुर, इंदागांव, जाड़ापदर में भी रथयात्र की तैयारी जोरो पर चल रही है यहां रथयात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते है।

## कृषि छात्रों ने सीखी तेल निष्कर्षण की तकनीकें, सुगंधित फसलों की खेती का महत्व समझा

**फिंगेश्वर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय फिंगेश्वर के प्रथम वर्ष के छात्रें ने मुरमुरा गांव स्थित छत्तीसगढ़ एग्रोटेक ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह औद्योगिक भ्रमण आरएल साहू के द्वारा संचालित यूनिट में हुआ, जो सुगंधित एवं औषधीय फसलों से तेल निष्कर्षण में विशेषज्ञता रखते हैं। श्री साहू ने डिस्टिलेशन विधि की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार सिट्रोनेला, लेमनग्रास, पुदीना, खस, रोज ग्रास एवं नागरमोथा जैसी सुगंधित फसलों से शुद्ध तेल प्राप्त किया जाता है। छात्रों ने फील्ड से लेकर प्रोसेसिंग




यूनिट तक की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस भ्रमण के दौरान छात्रों को उद्योग की कार्यप्रणाली, व्यावसायिक अवसरों और कृषि आधारित स्टार्टअप की संभावनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। इस भ्रमण का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश शर्मा के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक डॉ. ओमेश ठाकुर एवं डॉ. कुंतल साटकर द्वारा किया गया। भ्रमण के अंत में डॉ. कुंतल साटकर ने छत्तीसगढ़ एग्रोटेक टीम का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि ऐसी पहल छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ अनुसंधान और नवाचार के प्रति रुचि भी विकसित करती है।

## संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# बच्चों की बेहतरीन शिक्षा के लिए, घर पर प्रतिदिन सुबह-शाम 2 घंटे पढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

संकुल केंद्र लोहरसी द्वारा संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रवेली प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य के एल कंवर अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत रवेली यशोदा ध्रुव, एवं विशेष अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त प्रधान पाठक रूपसिंह नेताम उपसरपंच पोखराज साहू, भागचंद चतुर्वेदी,सालिक राम साहू, हीरा सिंह यादव, जगदीश डहरिया, सरिता गायकवाड़,धनमत नेताम उपस्थित थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात कक्षा पहली एवं छठवीं में प्रवेश लिए नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराकर,गुलाल से स्वागत वंदन कर गणवेश एवं वर्कबुक वितरण किया गया। स्वागत भाषण एवं शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिंहा द्वारा विस्तार पूर्वक दिया गया।संकुल अंतर्गत युक्तियुक्तकरण में पदस्थ हुए तीन महिला शिक्षक ममतारानी सिन्हा, शकुन गिलहरे,केशर विश्वकर्मा का संकुल परिवार के तरफ से कलम पुष्प एवं श्री फल भेंटकर स्वागत वंदन किया गया।शासकीय प्राथमिक शाला रवेली से सेवानिवृत हुए प्रधान पाठक रूपसिंह सिंह का शाल ,श्रीफल, डायरी, छाता, कलम भेंटकर समस्त शिक्षको द्वारा सम्मान किया गया एवं संकुल केन्द्र लोहारसी से पदोन्नत होकर प्रधानपाठक बने शिक्षक जो अन्यत्र पदस्थ हुए हीरा सिंह यादव, जगदीश





डहरिया,सरिता गायकवाड़ के साथ ही संकुल के आश्रित शालाओं में पदस्थ प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी, सालिक राम साहू, धनमत नेताम का संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिंहा द्वारा, शाल श्रीफल,डायरी,कलम भेंटकर सम्मानित किया गया।साथ ही उत्कृष्ट शिक्षकीय कार्य के लिए शिक्षा दूत सम्मान से सम्मानित शिक्षक द्वय रेखराम निषाद एवं नुमेश कुमार कंवर का श्रीफल ,कलम ,भेंटकर सम्मान किया । कार्यक्रम को संकुल प्राचार्य के एल कवर ने आशीर्वचन के रुप में संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे साथ ही घर पर प्रतिदिन सुबह शाम दो दो घंटा पढ़ाने के लिए बैठाए तो आपके बच्चों को बेहतरीन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। निश्चित ही शासन के योजनाओं का लाभ आपके बच्चों को मिलेगा।

**ये रहे शामिल–** कार्यक्रम को सेवानिवृत प्रधानपाठक रूपसिंह नेताम, सरपंच यशोदा ध्रुव, हीरा सिंह यादव, जगदीश डहरिया ने भी संबोधित किया और पालकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नुमेश कुमार कवर ने बहुत ही बेहतरीन अंदाज में किया एवं आशीर्वचन के आभार व्यक्त एवं कार्यक्रम समापन की घोषणा प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को बेहतरीन एवं सफल बनाने में संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिंहा,पूर्व माध्यमिक शाला रवेली के प्रधान पाठक जयकुमार नागवंशी, शिक्षक पनेश्वरी घोघरे, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक संदीप शिर्के, शिक्षक तेजकुमार माण्डले, सफाई कर्मचारी मदन निषाद का अमूल्य योगदान रहा। कार्यक्रम में संकुल के शिक्षक, प्रधान पाठक रूपसिंह दीवान, सालिक राम साहू, लालजी सिन्हा रेखराम निषाद, टीकूराम ध्रुव, प्रदीपकुमार साहू, वीणा ध्रुव, मनोज पटेल, रूपसिंह नेताम, पुखराज साहू, पूर्व सरपंच लालजी साहू, समस्त पंच गण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, अध्यक्ष बच्चों एवं पालकगण उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### स्कूल भवन जर्जर...

प्राथमिक शाला भवन के सभी कमरे के छत जर्जर हो गए हैं और पानी का रिसाव के कारण कमरो के भीतर पानी भर जा रहा है इसके छतों का मरम्मत किया जाना बेहद जरूरी हो गया है लेकिन इस ओर संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### सुबह हुई झमाझम...

मेन रोड में एक भी यात्री प्रतीक्षालय नही है सो पूरे रास्ते भर राहगीरों और यात्रियों को दुकानों के टीन शेड के नीचे प्रतीक्षा करते देखा गया। यहां तक कि शहर से एक किलोमीटर दूर कन्या शाला एवं कन्या महाविद्यालय के रास्ते में भी छात्राओ को भीगते हुए बस के इंतजार में खड़ा देखा गया। मालूम हो कि शहर के मुख्य बस स्टैंड में भी राहगीरों एवं यात्रियों को बारिश में रुकने के लिए स्थान नहीं मिल पा रहा था। वहीं मैडम चौक, राजिम पुल एवं सोमवारी बाजार में यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में लोग सुरक्षित स्थानों में खड़े रहे। दुपहिया सवारों को भी रुकने के लिए कोई सुरक्षित जगह का तलाश करते देखा गया। इस शहर के सड़क किनारे छोटे-छोटे यात्री प्रतीक्षालय की अत्यंत आवश्यकता महसुस की जा रही है क्योंकि शहर के भीतर से गुजरते वक्त दो किलोमीटर के रोड में यात्री गाड़ियां सवारी उठाने और उतारने के लिए रूकती है ऐसे में यात्री प्रतीक्षालय के न होने से यात्रियों को बारिश में भींगना पड़ता है।

### फिंगेश्वर में तीन...

सिध्दार्थ ध्रुव पिता मुरारी ध्रुव उम्र 20 साल सभी महासमुंद के रहने वाला बताया गया। आरोपियों के कब्जे से 12.400 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 1 लाख 22 हजार रूपये के साथ ही आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल यामहा कीमती 1 लाख रूपये, मोटर सायकल बजाज पल्सर किमती 1 लाख रूपये, एक टच स्क्रीन मोबाईल फोन वीवो कंपनी का किमती 10 हजार रुपये,एक टच स्क्रीन मोबाईल फोन विवो कंपनी का किमती 5 हजार रूपये, दो नग लाल नीले ग्रे कलर का खाली बैग कुल जुमला किमती 3 लाख 37 हजार रूपये तीनों आरोपीयों के कब्जे से गवाहों के समक्ष जप्त किया गया।आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से तीनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### बलरामपुर में प्रकृति ...

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू करेंगे। इसके अतिरिक्त, गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, डॉ. चंद्रशेखर हरित, भागवत हरित, जिला पंचायत सभापति नंदनी कोमल ढीढ़ी, फिंगेश्वर जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरु साहू, पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू सहित क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ भाजपा नेता, सम्मानित नागरिक और पर्यावरण प्रेमी संगठन शामिल होंगे।

### आज जगन्नाथ ...

करते ढोल मजीरा के साथ आगे-आगे चलते है। उसके सामने पुलिस की पायलेटिंग गाड़ी चलती है। भीड़ के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल लगाना पड़ता है। खास बात यह रहता है कि प्रभु को भिगोने के लिए इंद्रदेव वर्षा करते है। रथयात्रा के दिन पानी गिरने से फसल के लिए काफी शुभ माना जाता है। यहां नगर पालिका द्वारा कृत्रिम रूप से बारिश जैसा फायरब्रिगेड वाहन को आगे-आगे पानी का फव्वारा करते चलाया जाता है। रथयात्रा का ये दृश्य काफी सुकुन प्रदान करने वाला होता है। चांवल से भोग बनाने पुरी से नवापारा पहुंचे महाराज- श्री राधाकृष्ण मंदिर के प्रमुख गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि दोपहर 3 बजे से भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की पूजा आरती धूमधाम से होगी। उसके बाद प्रभु को रथ में सवार कराया जाएगा जो पूरे शहर में भ्रमण होगा। बताया कि इस बार पुरी से चांवल का भोग बनाने के लिए बिंदावन महाराज यहां आए हुए है वे ही इस बार भोग बनाएंगे और यही भोग प्रभु को अर्पित होगा तथा शहरवासियों को भी प्रसादी के रूप में बांटा जाएगा। इसी तरह श्री सत्यनारायण मंदिर में भी पूजा पाठ के बाद रथ निकलेगी और तीसरा रथ छांटा मार्ग सांई मंदिर से रथ निकाली जाएगी। महेश सोनकर, भरत सोनकर और मुकुंद मेश्राम ने बताया कि पिछले महिने भर से रथ को रंगरोगन कराने में लगे हुए है। रथ यात्रा की तैयारी गुरूवार शाम तक कर ली गई है।

### तर्री घाट में अवैध...

पास खड़ी हो जाती है और यह सिलसिला पूरी रात चलता है। रेत के कारोबार में कई नामीगिरामी लोगो के नाम सामने आ रहे है। सवाल उठाई जा रही है कि अगर तर्री का रेत घाट स्वीकृत नही है तो आखिर ये किसके शह पे चल रहा है। बहरहाल छापे के बाद दो दिन से इस रोड में सन्नाटा है। देखने वाली बात होगी कि चैन माउंटेन मशीन कब छुटती है और कितने का जुर्माना होता है? वहीं आने वाले दिनो में फिर कही ये घाट रात के अंधेरे में शुरू तो नही हो जाएगा? जानकारो की माने तो इस रेत घाट में जाने के लिए रेत कारोबारियो ने तटबंध को भी तोड़ दिया है। एनजीटी के निर्देश पर 10 जून से 15 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में रेत उत्खनन पर बंदिश लगाया गया है ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियो सहित माइनिंग तथा पुलिस को सख्त रवैया अपनाना ही पड़ेगा वर्ना उनके कार्य क्षेत्र में यदि ऐसा होते पाया जाएगा तो पूरी जवाबदारी और जिम्मेदारी उन्ही की बनेगी। **कार्रवाई की गई है-** रवि सिंग एसडीएम अभनपुर ने बताया की देर रात हमें सूचना मिली और तत्काल एक टीम बनाकर राजस्व, माइनिंग और पुलिस पार्टी के साथ आधी रात को तर्री रेत घाट पहुंचे। यहां स्पॉट में एक चैन माउंटेन मशीन रेत उत्खनन करते मिला जिसकी जप्ती बनाई गई वहीं सड़क के ऊपर रेत से भरी 4 हाइवा को जप्त किया गया।

**खबर संक्षेप**



## आज रथ में सवार होकर निकलेंगे जगत के पालनहार

**रसेला।** आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि अत्यंत खास मानी जाती है क्योंकि इसी दिन भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ आज रथ पर सवार होकर गांव की हर गली-मोहल्ले भ्रमण के लिए निकलेंगे। ग्राम रसेला में हनुमान मंदिर में भगवान जगन्नाथ को गायत्री मंदिर से बाजे गाजे के साथ लाकर विधिवत पूजा अर्चना कर रथ में सवार होकर भक्तगण को दर्शन देने निकलेंगे। जैसे ही भगवान रथ पर सवार होकर निकलते हैं वैसी हर घर की महिलाएं थाली में आरती सजाकर भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना करते हैं और गजामूंग का प्रसाद खाकर धन्य हो जाते हैं। अभी रथ को रंग रोगन कर तैयार किया जा रहा है। जो आज 12 बजे तक बनकर रेंडी हो जाएगा। रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लगी रहती है। महाप्रभु की जयकारा पूरे गांव में गूंजायमान होता है। इस तरह ग्राम सुरगपानी में रथ यात्रा धूमधाम से मनाया जाता है। आज के दिन भक्तों की आस्था का सैलाब सड़कों पर उमड़ेगा, ढ़ोल नगाड़ों की धुन पर भक्त भगवान को नाचते गाते निकलेंगे। भगवान जगन्नाथ भक्तों के दर्शन के लिए देर शाम तक रहेंगे। इस बात का प्रतीक है कि भगवान की नजर में हर कोई एक समान है, चाहे राजा हो या आम जनता ईश्वर सबको एक नजर से देखता है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### प्रवेशोत्सव : कक्षा 1ली, 6वीं व 9वीं के नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश व पुस्तक दी गई

# हसदा 2 में प्रतिभावान बच्चों के सम्मान के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसदा 2 के प्रांगण में बुधवार को ग्राम पंचायत हसदा 2 के तत्वावधान में तीनों प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हायर सेकेंडरी स्कूल के नव प्रवेशी बच्चों का प्रवेशोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कक्षा 1ली, 6वीं व 9वी के नवप्रवेशी बच्चों को मंचासीन समस्त अतिथियों द्वारा गणवेश, पुस्तक, मिठाई खिलाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा तीनों प्राथमिक शाला के 5 वीं, 8वीं 10वीं और 12वीं के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को और मिडिल स्कूल के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित बच्चों को प्रतीक चिन्ह व पदक देकर सम्मानित किया गया। सभी स्कूलों से एक एक पढ़ाई के महत्व से सम्बंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित कल्पतरु



मिनी साइंस सेन्टर का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित विशेष अतिथि लोकमणी कोसले जिला पंचायत प्रतिनिधि द्वारा आगामी शिक्षा सत्र से 10वीं व 12वीं के प्रथम तीन स्थान आने वाले बच्चों को 12000 रु की सम्मान राशि की घोषणा किया गया। इस कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि, गांव के गणमान्य नागरिक, सभी स्कूल के शिक्षक, पालक और अत्यधिक संख्या में महिलाओं की उपस्थिति कार्यक्रम को सफल बना दिए। सबके लिए पंचायत द्वारा न्योता भोज के रूप में खीर पूरी और भोजन की व्यवस्था रखा गया था। स्वादिष्ट भोजन व्यवस्था में रामसिंह साहू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में सरपंच शशिप्रकाश साहू एवं सभी पंच की सक्रिय भागीदारी रही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शशिप्रकाश साहू सरपँच अध्यक्षता आर के निषाद प्राचार्य, विशेष अतिथि लोकमणी कोसले जिला पंचायत प्रतिनिधि, सविता ताराचंद साहू जनपद सदस्य, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामानंद साहू , विजय साहू, लेखराज साहू, चंद्रहास हिरवानी ,रेशमा बेगम, ग्राम पंचायत से पंच सजेंद्र जांगड़े, लेमिन चेलक, रीना रात्रे, रेवाराम साहू, डिगेश्वरी तारक, टिकेश्वरी साहू, जाम बाई साहू,यशवंत यादव,तोरण साहू,रेखराज साहू,जितेंद्र साहू, महेश्वरी साहू, टीकाराम साहू, पुष्पा निर्मलकर, बिंदेश्वरी साहू, संगीता साहू, फूलबाई ध्रुव, मीना साहू, चंद्रहास हिरवानी, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गंगाराम सेन, सचिव लोकेश साहू एवं सभी सदस्य, सभी स्कूल के प्रधान पाठक और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्तिथ रहे। इस कार्यक्रम में विशेष कल्पतरु फाउंडेशन के असिस्टेंट वाईस प्रेसिडेंट केतन निर्मल और सीनियर मैनेजर वैभव हरिहरनो मौजूद थे।



## सोरिद खुर्द स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**मुड़ागांव (कोरासी)।** शहीद फनेश्वर सिन्हा हायर सेकंडरी स्कूल सोरिद खुर्द में शिक्षण सत्र 2025-26 शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वाकांक्षी योजना में से सरस्वती सायकल वितरण पुस्तक वितरण कर बच्चों को मिठाई खिलाकर सभी बच्चे को तीलक लगा कर प्रवेश दिलाया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी मंडल खडमा के मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, जनपद सदस्य पुष्पा लता सिन्हा, देवानंद सिन्हा, शहिद फनेश्वर सिन्हा के पिता श्री जगन्नाथ सिन्हा, जनक राम निर्मलकर, श्री राम सिन्हा, राजकुमार निषाद और हायर सेकंडरी स्कूल के संस्था प्रमुख एचसी साहू और सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं और सभी स्कूलों के बच्चे की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## दीवना स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला दीवना में नए शिक्षा सत्र 2025-26 के उपलक्ष्य में शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच भूपेंद्र ध्रुव, उप सरपंच नागेश तिवारी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, ग्राम के पटैल अंजनी साहू, शाला विकास समिति के सदस्य, समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच भूपेंद्र ध्रुव और उप सरपंच नागेश तिवारी विशिष्ट अतिथि रहे कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों में शिक्षाविद शामिल हुए। विद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच और



उप सरपंच ने सभी को शाला प्रवेश उत्सव और नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं दीं और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत तौरंगा के सरपंच भूपेंद्र ध्रुव उपसरपंच नागेश तिवारी, ग्राम पटेल अंजनी साहू, नारायण साहू, घनश्याम धनुर्धारी, प्रधान पाठक डी के मेहरा, पवनूराम ध्रुव, गौतम साहू, अमर सेन, और गोदावरी धनगर उपस्थिति थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गौतम साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधान पाठक डी के मेहरा ने किया इस कार्यक्रम का समापन खुशी और उमंग के वातावरण में हुआ।




## खबर संक्षेप



### आदिवासी समाज ने दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया



**फिंगेश्वर।** आदिवासी समाज के द्वारा रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रानी दुर्गावती के चित्र मे माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन भेंट किया गया। वहीं पर फिंगेश्वर की रानी श्याम कुमारी देवी की प्रतिमा की पूजन अर्चन कर श्रद्धांजलि दिया गया। वक्ताओं ने रानी दुर्गावती के जीवन में प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से सीख लेने की बाते अपने उद्बोधन में कही। इस अवसर पर नगर पंचायत पार्षद कुसुम ध्रुव, डोमार सिंह ध्रुव, लखन ध्रुव, मालती ध्रुव, घनश्याम ध्रुव, देवमती ध्रुव, गैंद ध्रुव, जमना, संतोष ध्रुव सुभद्रा, अरुण ध्रुव, उषा, मनीषा ध्रुव, किरण ध्रुव, कुलेश्वरी ध्रुव, जसमीता आदि उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता सेनानी परिवार की बेटी कमला देशलहरा ने किया देहदान



**नवापारा-राजिम।** नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जीवन लाल बोथरा परिवार ने त्याग और दान की अनुपम मिशाल पेश की है। इस परिवार की तीसरी बहू विमला देवी-मोहनलाल बोथरा की सुपुत्री कल्पना देशलहरा 55 वर्ष चरोदा निवासी का देहावसान 25 जून, बुधवार को हो गया। शोक की इस घड़ी में परिवार के सदस्यों ने अपनी समाज सेवा की प्रवृति को बनाए रखते हुए जनकल्याण के लिए कल्पना देशलहरा के उनके देह दान का अभूतपूर्व निर्णय लिया। देहदान की प्रक्रिया पूरी कर उनके शरीर को बालाजी मेडिकल कॉलेज मोवा, रायपुर के सुपुर्द किया गया। मालूम हो कि इसके पहले इस परिवार के माता विमला देवी बोथरा, चाची पुष्पा देवी बोथरा ने भी देहदान किया था।

### अघोषित बिजली कटौती से प्रदेश की जनता परेशान : चमन यादव



**छुरा।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चमन यादव ने 1 जुलाई से बिजली दर में वृद्धि और समय हो रही अघोषित कटौती पर कहा है कि बिजली दर-दर की वृद्धि से आम जनता पर हर माह अतिरिक्तभार पड़ेगा, विद्युत कंपनी को ऐसा नहीं करना चाहिए।उन्होंने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से जनता को तमाम तरह की परेशानियाँ झेलनी पड़ रही, बिजली के बिना सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक सभी प्रकार के काम मे रुकावट आ रही, इस कमी से जो व्यक्तीगत परेशानियाँ झेलनी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ बिजली सरप्लस राज्य है प्राकृतिक संसाधन से परिपूर्ण,यही वजह है कि देश के 5 ऐसे प्रदेश जो बिजली देश भर के राज्य को बेचते हैं उसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। बिजली दर जो बढ़ा रहे हैं उसमें जो सबसे बड़ी बात है कि ट्रांसपोर्टिंग का रेट जो है यह 780 रुपए दे रहे हैं गुजरात की कंपनी अदानी को, जबकि उसी काम को गुजरात की कंपनी 350 रूपये में दूसरे ट्रांसपोर्टेरें को देती है। मतलब सरकार ने जानबूझकर ज्यादा रेट में काम दिया हुआ है। सरकार को अपने खर्चो में कटौती करनी चाहिए, आपने 4 कंपनी बनाई है जिसमें हर कंपनी में अधिकारी और कर्मचारी हैं, अगर 1 कंपनी होती तो अतिरिक्त 3 कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारी के वेतन और खर्चो की बचत होती।

**आयोजन : आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर छायाचित्र प्रदर्शनी और सभा का हुआ आयोजन**

# आपातकाल देश के इतिहास में एक काला अध्याय : इंद्रकुमार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के ऋषि दास वैष्णव सामुदायिक भवन विधायक कार्यालय में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर छायाचित्र- प्रदर्शनी,सभा एवं मीसााबंदियों का सम्मान कर इस दिन को संविधान हत्या दिवस,के रूप में मनाया गया। विधायक इंद्रकुमार साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सन 1975 में आपातकाल का दर्द पूरे भारत देश ने सहा है, देश के इतिहास में यह काला अध्याय है। उस समय न्यायपालिका और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूर्ण रूप से दमन किया गया। उन्होंने इसे काला दिवस कहा। उस काला दिन को हमारी भावी पीढ़ी भी जाने और समझे। देश की भावी पीढ़ी इस दिन को कभी नहीं भूल सकते और इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को संविधान की हत्या दिवस के रूप में घोषित किया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने आपातकाल के उसे दौर को याद करते भावुक होते हुए कहा कि वह कालखंड मेरे जीवन की गहराई से जुड़ा हुआ है। बताया कि उस समय तत्कालीन केंद्र सरकार के खिलाफ में बोलना या नारे लगाना मतलब सीधा जेल जाना होता था। उन्होंने उस दिन को याद करते हुए कहा कि केशव सिंह ठाकुर ने जनतापार्टी जिंदाबाद कह दिया तो उसे तत्कालीन केंद्र सरकार ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। राजिम क्षेत्र के पांडुका गांव से करीब दो दर्जन लोगो को मीसा में बंद कर दिया गया और जमकर यातनाएं दी गई। परिवार को बर्बाद कर दिया गया। उनमें से किशन लाल तारक को जब मीसा में बंद किया गया तो उनके पिताजी मयाराम तारक का दुखद निधन पुत्र वियोग में हो गया। अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि आपातकाल का दर्द पूरे देश ने झेला है। कहा कि स्वतंत्रता का पूर्ण रूप से दमन किया गया है। प्रेस की स्वतंत्रता को नियंत्रित करने के साथ संविधान संशोधन, जबर्दस्ती नसबंदी जैसे कानून लागू कर मानवीय संवेदनाओ के साथ खिलवाड़ किया है। बताया कि तत्कालीन केंद्र सरकार का इतना दबाव था कि चुनाव के समय हमारे पार्टी कार्यालय के लिए जगह तक नहीं मिल रहा था। उस समय अभनपुर स्थित अपने पुराने निवास में चुनावी कार्यालय खोला था। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह दिवस हमें लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की महत्ता का पुनः स्मरण कराता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सदैव सजग रहे।

### कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर का दिखाया रास्ता



नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि आपातकाल में हमारे बड़े-बड़े नेता अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह जैसे राष्ट्रीय नेताओं को जेल में डाल दिया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता अंजय शुक्ला ने कहा कि आपातकाल में दी गई यातना का बदला आम जनता ने अपने वोटो की ताकत से दिया और 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। कार्यक्रम को अशोक पांडे, योगिता सिन्हा, श्याम बैस, धीरज साहू, सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं आभार मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान मीसाबंदी पांडुका के महेंद्र-चंदू जैन, बाबूलाल कंसारी, रवि भाई गांधी, संजय जैन आदि का सम्मान शॉल श्रीफल से किया गया। कार्यक्रम में समोदा नगर पंचायत अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर, भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष राम पंजवानी, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश ढीढी, किशन शर्मा, परदेशी राम साहू, अशोक गंगवाल, शोभाराम साहू, आरंग नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, शिव शंकर बघमार, पार्षद रवि साहू, लोमश्वरी साहू, निर्मला- धीरज साहू, जग्गू यादव, जीना निषाद, तनु मिश्रा, साधना सौरज, पूजा कंसारी डॉ. निमई विश्वास, सिंटू जैन, राजू रजक, अशोक नागवानी, मुकुंद मेश्राम, फेकनू साहू, चेतन साहू, धनमती साहू, हर्षा कंसारी, सरोज साहू सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा व सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता मौजूद थे।



## आपातकाल की 50वीं बरसी पर संगोष्ठी अध्यक्ष चंदूलाल ने बताया काला अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आपातकाल की 50वीं बरसी के अवसर पर नगर पंचायत कोपरा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता चंदूलाल साहू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय/" बताते हुए कांग्रेस की नीतियों और कार्रवाइयों पर तीखा प्रहार किया। श्री साहू ने कहा की आपातकाल के दौरान कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। नागरिक अधिकारों को छीन लिया गया, विपक्ष की आवाज को दबा दिया गया और प्रेस की आज़ादी पर सेंसरशिप लगा दी गई। यह भारत के इतिहास का सबसे अंधकारमय दौर था। उन्होंने बताया कि उस समय लगभग डेढ़ लाख लोगों को बिना अपराध के जेलों में बंद किया गया और मीसा जैसे कड़े कानूनों के तहत पुलिस को असीमित अधिकार सौंप दिए गए थे। श्री साहू ने यह भी कहा कि आपातकाल के नाम पर लोगों को जबरन नसबंदी कर दी जाती थी यहां तक कि अविवाहित युवकों को भी नहीं छोड़ा गया। श्री साहू ने कहा कि उस समय सत्ता विरोधी फिल्मों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। 'किस्सा कुर्सी का' और 'आंधी' जैसी फिल्मों की रीलें जला दी गईं, जो तानाशाही सोच को दर्शाता है।



### प्रसिद्ध नेताओं को भी नहीं बख्शा

उन्होंने बताया कि मीसा कानून के तहत गिरफ्तार किए गए जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं को उनके परिजनों के अंतिम संस्कार में भी शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई। श्री साहू ने वर्तमान समय की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज जब कांग्रेस संविधान की प्रति हाथ में लेकर प्रदर्शन करती है, तो यह ढोंग के अलावा कुछ नहीं। जिन्होंने संविधान को कुचला, वे ही अब लोकतंत्र के रक्षक बनने का दिखावा कर रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। यह संगोष्ठी न केवल इतिहास की कड़वी सच्चाई को याद करने का अवसर बनी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए लोकतंत्र की अहमियत को समझाने का भी माध्यम बनी।

# शिक्षा से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव : डॉ. निषाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रजनकटा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि तेजकुंवर कंडरा सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा, अध्यक्षता आरसी ध्रुव प्रधानपाठक ने किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि शेषनारायण साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बी देवांगन संकुल प्राचार्य थे। तत्पश्चात कक्षा पांचवीं के छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद कक्षा सातवीं के छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा छठवीं के छात्राओं के द्वारा राज्य गीत नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को मिठाई खिलाकर और गुलाल लगाकर पुस्तक व गणवेश दे कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चन्द्रहास साहू, एफ एल एन ने विषय विशेषज्ञ द्वारा भाषा ज्ञान पर अपना विचार रखे। डॉ. हुकुम निषाद ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। यह विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है एवं बच्चों को समयबद्धता और अनुशासन का पालन करने की सलाह देते हुए उन्हें उत्कृष्ट छात्र बनने की प्रेरणा दिया। कक्षा आठवीं के छात्राओं के द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया। विशिष्ट अतिथि बी देवांगन संकुल प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा ज्ञान की जननी, विज्ञान की जनक, बैंकिंग की स्तंभ और संस्कृति की रक्षक है। उन्होंने सभी माताओं से अपने बच्चों को कहानी सुनाने के लिए आग्रह किया। सभी छात्र-छात्राओं एवं समस्त अतिथियों को अभिभावक दिलीप साहू द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज कराया गया। उनके द्वारा प्रतिवर्ष न्योता भोज दिया जाता है।



### रजनकटा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

#### मां के नाम किया पौधा रोपण

कार्यक्रम के बीच में शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद का आगमन हुआ। सभी अतिथियों के साथ उनके द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मानिक साहू द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन आर सी ध्रुव प्रधानपाठक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच किशन कंडरा, डॉ श्रवण साहू दिलीप साहू, गणेश राम साहू, रेखराम साहू, टामन साहू, नीलमणि यादव, संकुल प्राचार्य बी देवांगन सर जी संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा जी, प्रधानपाठक आर सी ध्रुव, धनेश्वरी मुरचुलिया, शिक्षक चेतन ध्रुव, शिक्षिका नगमा खान, गंगेश्वरी सिन्हा, गोदावरी साहू, शिक्षक मानिक साहू, ताम्रजध्वज, जिला कार्यालय समग्र शिक्षा से प्रतिनिधि चन्द्रहास साहू, टिकेश्वरी साहू सहित ग्राम पंचायत पंच खेमेश्वरी साहू उपस्थित थे।



# नव प्रवेशी बच्चों को जनप्रतिनिधियों ने बांटे गणवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में नवप्रवेशित छात्र -छात्राओं के प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच रुपादेवी ठाकुर, कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे उपसरपंच परमेश्वर यादव, विशेष अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष धनेश्वर दास, देवकी मरकाम, उपाध्यक्ष देवलाल साहनी, पुरोहित यादव सहित आमंत्रित अतिथि मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान के देवी मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर की गई। सभी आमंत्रित अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। नवप्रवेशी बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर कर स्वागत किया गया। साथ ही स्कूल ड्रेस व पुस्तकें प्रदान की गई। अतिथि उद्बोधन में रुपादेवी ठाकुर ने कहा कि प्रवेश उत्सव के पावन अवसर पर विशेष रूप से उन सभी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन करतीं हूं जिन्होंने आज इस विधालय कि प्रांगण में नया क़दम रखें है, नवप्रवेशित छात्र छात्राओं से मैं यही कहना चाहूंगी कि इस शिक्षा के मंदिर में आपको अपने हर सपने को पूरा करने का अवसर मिलेगा, बस जरूरत है लगन, ईमानदारी और आत्मविश्वास की, अपने आप पर विश्वास रखो, अपने गुरू जनों का आदर करो और हर दिन कुछ नया सीखने की कोशिश करो। इसी कड़ी में उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि नई किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ एक नई शुरुआत हो रही है। आज का यह दिन हम सभी के लिए विशेष है। उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़िए, जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछिए, उत्तर खोजिए और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहिए। बच्चे शिक्षित होकर अपने माता-पिता के अलावा गांव, शहर और देश का नाम रोशन करे। हम अपने बच्चों को शिक्षा के लिए लगातार प्रेरित करें, अपने आस-पास के रहने वाले बच्चों को भी शिक्षा ग्रहण करने स्कूल भेजे या उन्हें प्रोत्साहित करें। हम सबको यह नहीं भूलना चाहिए कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, वरण यह हमें सोचने की स्वतंत्रता देता है, निर्णय लेने की समझ देता है और एक बेहतर समाज बनाने की प्रेरणा भी। इसी कड़ी में कार्यक्रम के पश्चात मां के नाम एक पेड़ लगाकर पौधा रोपण सभी अतिथियों द्वारा किया गया। सभी स्कूली बच्चों के साथ जनप्रतिनिधि, पालकगण को खीर, पुडी, बड़ा खिलाया गया। इस मौके पर संकुल समन्वयक त्रिलोक ध्रुव, प्रधानपाठक एम टी विशाल, हृदय राम साहू, शिक्षकगण बालचंद नेताम, देवनारायण साहू, संजीव कुमार सिन्हा, ताड़ी मैडम, पंच पीला बाईं ठाकुर, दमयंतीन नागेश, कृष्णा यादव, सरिता ठाकुर, निर्मला निषाद, पालकगण रामायण ठाकुर, नरोत्तम दास, रसोईया समूह के सदस्य वत्सल निषाद, लगनीं बाई, रुक्मणी यादव, ललिता बाई यादव, कमलेश्वरी यादव, गिरजा निषाद, मंगली बाई यादव, बिश्नाथ यादव, सहित ग्रामीण व पालकगण उपस्थित थे।



### बहेरापाल स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**कोपरा।** गुरुवार को ग्राम बहेरापाल में शासकीय प्रथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला स्कूल बहेरापाल में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजेश साहू सरपंच बहेरापाल, विशेष अतिथि सुनीति साहू, अध्यक्ष मध्यान्ह भोजन संचालन करता समूह बहेरापाल, वार्ड पंच तथा उपाध्यक्ष साहू, समाज बोरसी परिक्षेत्र के साथ ही साथ सुखी राम साहू, पालक लिकेश साहू, शतुघ्न साहू, झाब्लेस साहू, ललिता साहू, पंच रेखा साहू, पंच वत्सला साहू, पंच डमीन यादव, हीराबाई साहू, राजेन्द्र कुमार नाग, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला रामाधार ध्रु,व तुकेस्वर सिन्हा, सेंगर सर, संजय वर्मा, डुमेस्वर देवांगान, निखिल सर, नरेश सर उपस्थित रहे। तथा प्रवेश उत्सव मे सभी बच्चों को खीर पूड़ी खिलाया गया। सभी बच्चों को गणवेश बाटा गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक गण और बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थी तथा पालक उपस्थित हुए।



आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

**अहाता की ऊंचाई बढ़ाने जिपं सदस्य ने की 3 लाख रुपए की घोषणा**

# बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं : नंदिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय पितईबंद में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य नंदनी ढीढी थी। अध्यक्षता पूजा-मुकेश भारती ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच गोदावरी-सहदेव बंजारे ,उपसरपंच शेखर बंजारे ,नरेश बया, प्रतिमा सेन अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति,चोवाराम बंजारे, पुनारद बंजारे, किरण साहू, सुनील पाण्डेय, आशा ध्रुव मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्य गीत अरपा पैरी के धार की प्रस्तुति की गई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय की छात्रा आरती, लालिमा, कुमकुम, लवण्या ने सरस्वती वंदना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य नंदिनी कोमल ढीढी ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी के समान होते है। उन्हें जिस आकार में ढालना चाहते है ढाल सकते है। ग्राम पंचायत के द्वारा अहाता की ऊंचाई बढ़ाने के लिए मांग पत्र दिए है इसके लिए 3 लाख रुपए स्वीकृत करती हूं। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। आभार आशा ध्रुव ने की। कार्यक्रम में पंच बसंती ध्रुव ,रुचिका यदु ,लक्ष्मी निषाद ,संतोष बघेल ,टुकेश नगारची ,अनुसुइया बया ,आनंद ध्रुव ,फग्गू निषाद ,जिनेन्द्र कुर्रे ,खुमान यदु ,जगदीश ,राजेश बंजारे ,दीनदयाल सोनवानी ,पूजा सेन मौजूद थे।

**माता-पिता और गुरुओं का सम्मान करें : सरपंच-** कार्यक्रम के दौरान कक्षा 8 वीं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किए खुशबू सेन, देविका बंजारे एवं कुसुम तथा कक्षा 5वीं में वर्षा बंजारे, दिव्यांशु देवांगन, हर्ष यादव को सरपंच गोदावरी-सहदेव बंजारे के सौजन्य से प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। नवप्रवेशी कक्षा पहली एवं छठवीं के छात्र-छात्राओं को गणवेश वितरण कर तिलक लगाकर स्वागत करते हुए मिठाई खिलाया गया। सरपंच गोदावरी-सहदेव बंजारे ने बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चे अपने माता-पिता और गुरुओं का सम्मान करें। उन्होने ग्राम पंचायत की ओर से शाला प्रांगण में सीसी टीवी कैमरा लगाने की घोषणा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य पूजा-मुकेश भारती ने कहा कि पहली बार मुझे पितईबंद आने का अवसर प्राप्त हुआ है। मेरा स्वागत सम्मान किया गया इससे मैं गर्व महसुस कर रही हूं। उन्होने शाला प्रांगण के समतलीकरण के लिए अपने फंड से राशि देने की घोषणा किया।



रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411